# यूपीईएस ने 7वीं इंटरनेशल कॉन्फ्रेंस आईसीएनआईबी का किया आयोजन

dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (17 Nov):** यूपीईएस ने इंटर यूनीवर्सिटी एक्सलरेटर सेंटर (आईयूएसी) के साथ 7वीं इंटरनेशल कॉन्फ्रेंस ऑन नैनोस्ट्रक्चरिंग बाय आयन बीम्स का आयोजन किया. ये सम्मेन नैनोटैक्नोलॉजी के क्षेत्र में एडवांस रिसर्च पर केंद्रित विचार-विमर्श को बढ़ावा देने के साथ ही इस क्षेत्र के जाने-माने साइंटिस्ट, रिसर्चर और उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों को भी एकजुट करेगा.




## गहन विचार-विमर्श शामिल

बताया गया है कि आईसीएनआईबी 2023 (आईसीएनआईबी-2023) का एजेंडा काफी बड़ा है. जिसमें आयन बीम्स द्वारा नैनोस्ट्रक्चरिंग के क्षेत्र में गहन विचार-विमर्श शामिल है. इसके अलावा इसमें नैनोमैटिरियल डेवलपमेंट एंड मोडिफिकेशन में एनर्जेटिक आयन्स की महत्वपूर्ण भूमिकाओं को भी टटोला गया. इस क्षेत्र की मौजूदा चुनौतियों के बारे में इनोवेटिव समाधान भी सुझाए गए. इसके अलावा इसमें आयन बीम इंटरेक्शंस, डिफेक्ट इंजीनियरिंग, नैनोस्ट्रैक्चर्स की सिंथेसिस व मोडिफिकेशन, आयन बीम-इंड्यूस्ड नैनोस्ट्रक्चरिंग समेत अन्य कई विषयों पर चर्चा की गई. आईसीएनआईबी 2023 में भाग लेने वाले वक्ताओं में अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण अफ्रीका, थाईलैंड व भारत से प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. इस सम्मेलन ने पीएचडी छात्रों को भी अपने रिसर्च पेपर को प्रदर्शित करने का अवसर दिया.